# भारतीय स्टेट बैंक

## केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग
## केन्द्रीय कार्यालय, मुम्बई

## भारतीय स्टेट बैंक में
## विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारीयों की भर्ती

**[ CRPD/SCO/2020-21/14 ]**

| पद क्र. सं. | पद | ग्रेड |
|---|---|---|
| 1 | प्रबंधक (मार्केटिंग) | MMGS-III |
| 2 | उप प्रबंधक (मार्केटिंग) | MMGS-II |

# "स्वंय जानकारी पुस्तिका"

## परिचय

यह पुस्तिका आपको भारतीय स्टेट बैंक में विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारीयों की भर्ती के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षा की विस्तृत जानकारी देती है । इस पद का विज्ञापन बैंक के वेबसाइट https://www.sbi.co.in/web/careers एवं https://bank.sbi/web/careers में दिया गया था । विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2020-21/14 में निबंधन और शर्तें, परिलब्धियाँ आदि सूचित की जा चुकी हैं । आपको, यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि विज्ञापन में निर्धारित आयु, शैक्षणिक योग्यता, राष्ट्रीयता के अनुसार आपकी पात्रता है ।

यह पुस्तिका में आप द्वारा दी जाने वाली ऑनलाइन परीक्षा के विभिन्न पहलुओं का विवरण दिया गया है, साथ ही यह भी बताया गया है कि परीक्षा में आपको किस प्रकार की प्रश्नावलियां दी जाएंगी । **वस्तुनिष्ठ परीक्षा के उत्तरों की जांच ऑनलाइन की जाएगी ।** आपको सलाह दी जाती है कि इस पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें क्योंकि यह आपको परीक्षा की तैयारी करने के लिए सहायता करेगी ।

## सामान्य अनुदेश

1. **नोट करने योग्य बातें :** कृपया बुलावा पत्र पर दिया गया आपका परीक्षार्थी क्रमांक, परीक्षा तारीख, रिपोर्टिंग समय तथा परीक्षा केन्द्र को कृपया ध्यानपूर्वक नोट कर लें ।

2. **उपस्थिति में समय की पाबंदी :** उम्मीदवार रिपोर्टिंग समय से 15 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों । सामाजिक दूरी संबंधी नियमों को ध्यान में रखते हुए, केंद्र पर भीड़ न हो, इससे बचने के लिए आपको परीक्षा से एक दिन पहले, रिपोर्टिंग का सही समय दर्शाते हुए ईमेल और SMS भेजा जाएगा। हालांकि बुलावा पत्र में हम आपको कॉमन रिपोर्टिंग समय दे रहे हैं। यदि आपको परीक्षा से पूर्व कोई सूचना नहीं मिलती है, तो आपको बुलावा पत्र में मुद्रित रिपोर्टिंग समय का पालन करना होगा । देरी से आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा की अनुमति नहीं दी जाएगी । उम्मीदवारों को परीक्षा का निर्धारित समय समाप्त होने तक और/या परीक्षा केंद्र प्रशासक द्वारा हॉल छोड़ने की अनुमति देने तक परीक्षा हॉल से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी ।

3. **बुलावा पत्र जमा करना :** कृपया परीक्षा केन्द्र पर अपना बुलावा–पत्र, जिस पर पासपोर्ट आकार के आपके **नवीनतम** फोटो की एक प्रति निर्धारित स्थान पर अच्छे प्रकार से चिपकी हुई होनी चाहिए, फोटो पहचान के लिए प्रमाण पत्र मूल रूप में और साथ में फोटोकापी सहित अपने साथ अवश्य लायें । **फोटो पहचान के लिए प्रमाण पत्र मूल रूप में और साथ में फोटोकापी या बुलावा पत्र न लाने या बुलावा पत्र पर फोटो न लगाने की स्थिति में आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी ।** आपको परीक्षा भवन में निरीक्षक के समक्ष, आपके बुलावा–पत्र पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर तथा अंगूठा निशान की जगह पर अपना हस्ताक्षर करना तथा अंगूठा निशान लगाना होगा । अंगूठा निशान लगाने हेतु आप अनिवार्यतः अपना स्टैंप पैड लेकर आएँ । परीक्षा पूरी होने पर आपको फोटो पहचान के साक्ष्य की फोटोप्रति के साथ अपना बुलावा पत्र, परीक्षा भवन में मौजूद निर्धारित ड्रॉप बॉक्स में डाल देना चाहिए ।

4. **अनुदेशों का पालन करना :** जिस परीक्षा के लिये आपको बुलाया गया है उसकी सभी अवस्थाओं में आपको परीक्षा–प्रशासकों ओर पर्यवेक्षकों द्वारा दी गई हिदायतों का ठीक ठीक पालन करना होगा । यदि आप हिदायतों का उल्लघंन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जायेगा और आपको परीक्षा केन्द्र से बाहर जाने के लिये भी कहा जा सकता है ।

5. **पुस्तकें, पर्चियाँ, गणक मशीन एवं सेल फोन का उपयोग :** अलग से या घडी के साथ बनी गणक मशीन, सेलफोन, पुस्तकें, स्लाईड रूलर्स, नोटबुक या लिखी हुई पर्चियों को परीक्षा भवन के अंदर ले जाने की अनुमति **नहीं** दी जाएगी ।

6. जब तक आपको अनुमति न मिले तब तक अपनी सीट मत छोड़िये ।

7. **लेखन सामग्री का प्रयोग :** आप अपने साथ पेंसिले, बाल प्वाइंट पेन, रबड़, इंक स्टाम्प पैड जैसी लेखन सामग्री अवश्य लाएं ।

8. **कच्चा कार्य पुस्तिका पर करना :** आप सभी आवश्यक कच्चा कार्य दिए गए कागज पर करें। **परीक्षा समाप्त होने के बाद आप अपना कच्चा कागज वहॉ रखे हुए बॉक्स में डालें ।** यदि कोई उम्मीदवार इस सामग्री को वापस नहीं करता है अथवा प्रश्न या उत्तर कमरे के अन्दर अथवा बाहर ले जाने अथवा देने का प्रयत्न करता हुआ पाया जाता है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और बैंक अपने नियमों के अनुसार उसके विरुद्ध आगे कार्यवाही कर सकता है।

9. **नकल करना/कदाचार/अनुचित व्यवहार :** यदि उम्मीदवार निम्नलिखित कार्यों में लिप्त पाये गये ----

i) नकल करते हुए या नकल करने देते हुए;

ii) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए;

iii) छद्‌म रूप धारण करते हुए या किसी व्यक्ति द्वारा छद्‌म रूप धारण करवा कर प्रस्तुत कराते हुए;

iv) परीक्षा केन्द्र पर दुर्व्यवहार करते हुए;

v) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करना, प्रकाशित करना, पुनः प्रस्तुत करना, ट्रांसमिट करना, स्टोर करना या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाना या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज–पत्र को ले जाना या परीक्षा सामग्री पर अनधिकृत कब्जा करना ।

vi) अन्य किसी अनियमित या अनुचित साधनों का आश्रय लेते हुए;

vii) अन्य किसी रूप में अपनी उम्मीदवारी का समर्थन प्राप्त करते हुए ।

तो वह उम्मीदवार आपराधिक अभियोजन के साथ साथ निम्नलिखित का भी पात्र होगा :–

(अ) चयन प्रक्रिया के अयोग्य माना जाना

(ब) बैंक द्वारा ली जानेवाली किसी भी परीक्षा या चयन के लिए स्थायी रूप से/किसी अवधि विशेष के लिए रोका जाना ।

उम्मीदवारों को गलत सूचना भरने/प्रस्तुत करने/सूचना में हेरफेर करने/गढ़ने या महत्त्वपूर्ण तथ्य छिपाने के विरुद्ध चेतावनी दी जाती है ।

एकरूपता के पैटर्न का पता लगाने के लिए बैंक उम्मीदवार के प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के प्रत्युत्तरों के साथ विश्लेषण करेगा। ऐसे विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया जाता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त **अंक** वास्तविक /वैध नहीं है तो बैंक उसकी उम्मीदवारी रद्‌द करने का अधिकार आरक्षित रखता है।

10. निम्न वस्तुएं परीक्षा कक्ष (लॅब) के भीतर अनुमत नहीं होंगीं :–

कोई भी स्टेशनरी आइटम जैसे पाठ्य सामग्री (मुद्रीत या लिखित), कागज के टुकड़े ज्यामेट्री/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर । कोई भी संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड आदि । अन्य वस्तुएं जैसे गॉगल्स, हैंडबैग, हेयर–पिन, हेयर–बैंड, बेल्ट, टोपी, कोई भी घड़ी/हाथ–घड़ी, कैमरा, धातु की कोई भी वस्तु, खुली हुई या पैक की गई कोई भी खाद्य सामग्री, पानी की बोतले (केवल पारदर्शी बोतल लानी चाहिए) । ऐसी कोई भी अन्य वस्तु, जिसका इस्तेमाल कैमरा, ब्यूटूथ उपकरणों आदि जैसे संचार उपकरणों को छिपाने के लिए अनुचित साधनों हेतु किया जा सके ।

प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा । जो उम्मीदवार नकल करते अथवा सहायता करते या सहायता लेते पाया जाएगा उसे अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।

आपको आभूषण जैसे अंगूठी, बालियां, नोज़–पिन, चेन/नेकलेस, पेंडेंट, बैज, ब्रोच आदि न पहनने की सलाह दी जाती है ।

11. शारीरिक रुप से चुनौतीग्रस्त अभियार्थी, जो कि परीक्षालेखक (स्क्राइब) का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें एक घोषणा फॉर्म (स्क्राइब घोषणा फॉर्म) जमा करना होगा जिसे बैंक की अधिकृत वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।

**12. यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा : परीक्षा के संबंध में कोई यात्रा भत्ता या अन्य खर्च नहीं दिए जाएंगे । कृपया यह भी नोट कर लें कि बुलावा पत्र भारतीय स्टेट बैंक द्वारा नौकरी का प्रस्ताव नहीं है ।**

13. परीक्षा के संचालन में किसी समस्या की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है जिसकी वजह से रिजल्ट को जनरेट करना और/या सुपुर्द करना प्रभावित हो सकता है । इस वारदात के बाद पूरा प्रयास किया जाएगा कि समस्या का समाधान हो जाए जिसमें यदि आवश्यक हुआ तो उम्मीदवारों को एक स्थान/लैब/कंप्यूटर (नोड) से दूसरे पर ले जाना और पुनः परीक्षा लेना शामिल होगा ।

**परीक्षा स्थल पर, अभ्यर्थी का पंजीकरण फोटो लेकर किया जाएगा । ली गई फोटो आवेदन (बुलावा पत्र में यथा मुद्रित) में आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से मिलायी जाएगी।**

**IRIS स्कैन**

परीक्षा स्थल पर IRIS स्कैन किया जाएगा। (कोविड-19 हालातों के कारण बायोमेट्रिक अंगूठा निशान के बदले IRIS स्कैन की प्रणाली शुरू की गई है ताकि बहुत से अंगूठा निशानों से संक्रमण न फैले)। IRIS डाटा सत्यापन की स्थिति (मिलान होता है या नहीं ) के लिए इससे संबन्धित अधिकारी का निर्णय अंतिम तथा अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगा। किसी भी अवसर पर IRIS स्कैनिंग /सत्यापन की प्रक्रिया में भाग लेने से मना करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। इस संबंध में कृपया निम्नलिखित को नोट करें :

(a) सभी अभ्यर्थियों की 'बाईं आँख (IRIS)' कैप्चर की जाएगी।

(b) IRIS की कैप्चरिंग के समय अभ्यर्थी को कांटेक्ट लेंस तथा चश्मा हटाना होगा। अभ्यर्थीयों को चाहिए कि वे कांटेक्ट लेंस पहनने से बचें तथा वरीयतः चश्मा पहनें।

(c) IRIS स्कैनिंग स्पर्शरहित है। स्कैनर तथा आँख के बीच आधे फीट की दूरी रखी जाएगी।

## ऑनलाइन परीक्षा

**ऑनलाइन लिखित परीक्षा का स्वरूप : (पोस्ट क्रमांक 1 से 2 के लिए)**

| क्र.सं. | परीक्षण | | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वस्तुनिष्ठ परीक्षा (ऑनलाइन) | बैंकिंग ज्ञान | 50 | 50 | 120 मिनट |
| 2. | | आंकड़ा व्याख्या एवं विश्लेषण | 50 | 50 | |
| 3. | | तर्क | 50 | 50 | |
| 4. | | सामान्य जानकारी / विपणन कौशल | 50 | 50 | |
| 5. | वर्णनात्मक परीक्षा (ऑनलाइन) | अंग्रेजी ज्ञान की परीक्षा (पत्र एवं निबंध लेखन) | | 50 | 30 मिनट |

उम्मीदवारों को न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्राप्त करके वस्तुनिष्ठ परीक्षा और वर्णनात्मक परीक्षा में प्रत्येक में अर्हता प्राप्त करना आवश्यक हैं। न्यूनतम उत्तीर्ण अंक बैंक द्वारा तय किए गए अंक के रूप में होंगे या बैंक के विवेक पर माफ किए जा सकते हैं। प्रश्न द्विभाषी अर्थात् हिंदी और अंग्रेजी में होंगे। सिवाय अंग्रेजी ज्ञान परीक्षा जो केवल अंग्रेजी में होगो। उम्मीदवारों के पास हिंदी या अंग्रेजी में प्रश्नों का उत्तर देने का विकल्प होगा। ( अंग्रेजी ज्ञान परीक्षा को छोड़कर)

केवलउन्हीं उम्मीदवारों के वर्णनात्मक परीक्षा के पेपर का मूल्यांकन किया जाएगा जिन्होंने प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अर्हक अंक हासिक किए हैं ओर वस्तुनिष्ठ परीक्षा में कुल अंकों के अनुसार पर्याप्त रूप से उच्च स्थान पर रखा गया है।

साक्षात्कार के लिए चयनित सूची में शामिल किए जाने के लिए पाक्ष होने के लिए, बैंक द्वारा तय किए गए अंको के कट ऑफ मार्क्स के बराबर या उससे अधिक अंक प्राप्त करने होंगे ।

**साक्षात्कार :** बैंक द्वारा तय किए गए उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या को ऑनलाइन लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार 25 अंकों का होगा। साक्षात्कार में अर्हता अंक बैंक द्वारा तय किए अनुसार होगा।

**उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में अलग-अलग अर्हता प्राप्त करने होंगे ।**

**योग्यता सूची :** व्यावसायिक ज्ञान की परीक्षा (250 अंकों में से) और साक्षात्कार (25 अंकों में से) के प्राप्त अंकों को जोड़ने के बाद अंतिम योग्यता सूची तैयार की जाएगी। एवं अंतिम योग्यता में इनका भार निम्न होगा।

| प्रक्रिया | भारिता स्वरूप |
|---|---|
| ऑनलाइन लिखित परीक्षा | 75% |
| साक्षात्कार | 25% |

चयन प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष मेरिट रैंक वाले उम्मीदवारों में से किया जाएगा

**नोट :-** यदि एक से अधिक अभ्यर्थी कट-ऑफ अंक (कट-ऑफ पॉइंट पर सामान्य अंक) प्राप्त करते हैं, तो ऐसे अभ्यर्थी का चयन सूची में अवरोही क्रम में उनकी आयु के अनुसार किया जाएगा।

**गलत उत्तरों के लिए दंड :**

वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अंकित किए गए गलत उत्तरों के लिए दंड होगा। सही स्कोर को प्राप्त करने हेतु उम्मीदवार द्वारा दिए गए प्रत्येक गलत उत्तर के लिए, उस प्रश्न के लिए निर्दिष्ट अंकों से एक चौथाई अंक दंड के तौर पर काटे जाएंगे। यदि प्रश्न को छोड़ दिया गया हो, अर्थात उम्मीदवार द्वारा किसी भी उत्तर को अंकित न किया गया हो, तो उस प्रश्न के लिए कोई दंड नहीं होगा।

## परीक्षा के लिए नमूना प्रश्न

नीचे कुछ नमूने के प्रश्न दिए गए हैं जो प्रत्येक प्रश्नावली में से चुने गये हैं । ये प्रश्न केवल उदाहरण के लिये हैं, व्यापक नहीं । अतः वास्तविक परीक्षा में आपको इनमें से कुछ या सभी प्रकार के प्रश्न मिल सकते हैं या वे भी मिल सकते हैं जिनका उदाहरण यहाँ नहीं दिया गया है ।

### बैंकिंग ज्ञान

**प्र.1.** निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने बैंको के लिए **अपने ग्राहक को जानों** (know your customer) दिशानिर्देश शुरू की है ?
(1) आईडीबीआई (2) भा.रि.बैं. (3) नाबार्ड
(4) सिडबी (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** IRDA में अक्षर I निम्नांकित में से किसके लिए प्रयुक्त होता है?
(1) Indian (2) International (3) Insurance (4) Income (5) Institute

**प्र.3.** मौद्रिक नीति का संबंध __________ से है ?
(1) मुद्राकी आपूर्ति में परिवर्तन (2) वित्तिय लिखितों के क्रम –विक्रम (3) रोजगार घटाने होने
(4) (1), (2) और (3) सभी (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

### आंकड़ा व्याख्या एवं विश्लेषण

यह प्रश्नावली संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालना आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है ।

**प्र.1-3.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 से कम | 30-39 | 40-49 | 50-59 | 60-69 | 70 और अधिक |
| 260 और अधिक | 8 | 18 | 26 | 18 | 26 | 4 |
| 210 से 259 | 5 | 4 | 30 | 22 | 10 | 9 |
| 160 से 209 | 16 | 10 | 45 | 56 | 18 | 9 |
| 110 से 159 | 28 | 42 | 100 | 190 | 15 | 5 |
| 60 से 109 | 35 | 115 | 20 | 8 | 7 | 5 |
| 60 से कम | 32 | 32 | 20 | 4 | 6 | 2 |

**प्र.1.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?
(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?
(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक (4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?
(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70 (4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

कुछ प्रश्नों में अंकगणितीय तर्कशक्ति आवश्यक होगी । जैसे :

**प्र.4.** 10 पैसे प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने पैसे होगी ?
(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 610 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?
(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** यदि 10 रुपये में एक पैन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है, तो पैन का मूल्य क्या है ?
(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/-रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त आलेखों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

**प्र.7–9. निर्देश :** नीचे सारणी में कुल 700 में से कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो 6 विशेषताओं को दी गयी श्रेणियों के आधार पर है जिनसे पदोन्नति में सहायता मिलती है । श्रेणी I सबसे अधिक है । सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें :

| विशेषता | विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य क्षमता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.7.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य क्षमता

सारणी में श्रेणी **I** का प्रतिशत देखिये । आप देखेंगे कि वरिष्ठता को अधिकतम प्रतिशत दिया गया है। अतः आपका उत्तर है **वरिष्ठता** जिसका क्रमांक (2) है ।

**प्र.8.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

स्तंभ तथा पंक्ति के उस प्रतिछेदन की तरफ देखिये जहाँ पर श्रेणी ।।। के लिये स्तंभ में प्रतिशत दिया है और बुद्धिमत्ता के लिये प्रतिशत पंक्ति में दिया गया है । आप देखेंगे कि 700 कर्मचारियों में से 10 प्रतिशत लोगों ने बुद्धिमत्ता विशेषता को श्रेणी **III** दी हैं । 700 कर्मचारियों का 10 प्रतिशत 70 है । अतः आपका उत्तर होगा क्रमांक (4) ।

**प्र.9.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?

(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य क्षमता (5) सामाजिकता

श्रेणी VI के प्रतिशत के संदर्भ में आपको पता चलेगा कि बुद्धिमत्ता को अधिकतम प्रतिशत दिये गये हैं । इसका अर्थ है कि अधिकांश लोग इसे सबसे कम महत्त्वपूर्ण मानते हैं और इसे अंतिम श्रेणी प्रदान करते हैं । अतः आपका उत्तर (2) है ।

## तर्क

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं और कम्प्यूटर के साथ काम करने की आपकी अभिरूचि/ज्ञान संबंधी निर्णय लेने के लिये भी है । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ नमूना के तैर पर प्रश्न दिये हैं ।

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, पांच अक्षर समूह या शब्द दिये गये हैं । इनमें से चार अक्षर समूहों या शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है । ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है ।

**प्र.1.** (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

उक्त पाँचों में 'काला', 'लाल', 'हरा' तथा 'पीला' एक समूह बनाते हैं क्योंकि वे सभी रंगों के नाम हैं । रंग किसी रंग का नाम नहीं हैं । अतः उत्तर (4) है ।

अब निम्नलिखित प्रश्न हल करने का प्रयास कीजिए ।

**प्र.2.** (1) BC (2) MN (3) PQ (4) XZ (5) ST

**प्र.3.** (1) आम (2) सेब (3) संतरा (4) अमरूद (5) गुलाब

**निर्देश :** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न चिह्न लगा है । उसके नीचे दिये गये पाँच विकल्पों में से केवल कोई एक ही उस तरह के संबंध को प्रकट करता हैं जो कि प्रश्न में : : चिह्न के बायीं ओर वाले दो शब्दों में है । सही उत्तर ज्ञात कीजिये।

**प्र.4.** चरण : मनुष्य : : खुर : ?

(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) जूता

उक्त उदाहरण में 'चरण' और 'मनुष्य' में जो संबंध है उसी के अनुसार 'खुर' का 'घोड़ा' विकल्प से है, अतः आपका उत्तर 3 है ।

अब निम्नलिखित प्रश्न हल करने का प्रयास कीजिए ।

**प्र.5.** दिन : रात : : दयालु : ?

(1) अंधेरा (2) प्रकाशमान (3) क्रूर (4) उदार (5) कृतज्ञता

**प्र.6.** झोपड़ी : महल : : खरगोश : ?

(1) गड्ढा (2) गाजर (3) हाथी (4) छोटा (5) चूहा

अब निम्नलिखित प्रश्न का अध्ययन कीजिए ।

**प्र.7.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.8.** 'कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है ।' इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं
(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी–कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.9.** यदि 'A " B' का अर्थ है 'A में B जोडें', 'A ' B' का अर्थ है 'A में से B घटायें',
'A # B' का अर्थ है 'A को B से विभाजित करें' और 'A ✶ B' का अर्थ है 'A का B से गुणा करें'; तब निम्नलिखित में से कौनसा दो दिन के विक्रय का औसत है जब $S_1$ और $S_2$ क्रमशः पहले और दूसरे दिन के विक्रय हैं ?

(1) ($S_1$ ' $S_2$) # 2 (2) 2 # ($S_1$ " $S_2$) (3) ($S_1$ " $S_2$ # 2)
(4) ($S_1$ ✶ $S_2$) # ($S_1$ " $S_2$) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.10.** मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड अठारह वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति मतदान कर सकता है । बीस वर्ष पूर्व जन्मा हुआ मधु मतदान कर सकता है या नहीं यह पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से और क्या जानकारी आवश्यक है ।

(।) मधु की जन्म तारीख (।।) मधु मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड है या नहीं.

(1) केवल । (2) केवल ।। (3) या तो । और ।। (4) न तो । और नही ।। (5) । और ।। दोनों

**प्र.11.** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष । और ।। दिये गए हैं । आपको दिए गए दोनों कथनों को सत्य समझना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से मेल न खाते हों । दोनों निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय किजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा निष्कर्ष तर्कसंगत रुप से इन दोनों कथनों का अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों ।

कथन : सभी मशीन खिड़कीयां है । सभी खिड़कीयां बादल हैं ।

निष्कर्ष : । सभी मशीन बादल हैं ।
।। सभी बादल मशीन हैं ।

(1) कोई अनुसरण नहीं करता है । (2) केवल । अनुसरण करता है । (3) । और ।। दोनों अनुसरण करते हैं ।
(4) केवल ।। अनुसरण करता है । (5) या तो । या ।। अनुसरण करता है ।

**प्र.12–13.** निम्नलिखित प्रश्नों में अंक एवं प्रतीक समूह को दी गई योजना और शर्तों के अनुसार अक्षर कोड देकर कोडबद्ध किया जाता है। आपको उस अक्षर कोड समूह के क्रमांक का पता लगाना है, जो अंक प्रतीक के संयोजन का सही ढंग से निरुपण करता है । उस अक्षर कोड का क्रमांक ही आपका उत्तर होगा । यदि कोई भी अक्षर कोड समूह सही न हो तो उत्तर (5) अर्थात 'इनमें से कोई नहीं' दीजिए ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंक/प्रतीक | : | 2 | $ | @ | 7 | 6 | # | 8 |
| अक्षर कोड | : | Q | B | H | L | F | M | T |

**शर्त :**

1. यदि पहला और अंतिम तत्व एक प्रतीक हो तो दोनों को 'A' कोड दिया जाएगा ।
2. यदि पहला तत्व एक सम अंक है और अंतिम तत्व एक प्रतीक है तो उनके कोड परस्पर बदले जाएँगे ।

**प्र.12.** 67@2#

(1) FLHQM (2) MLHQF (3) MLQHE (4) FLQHM (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.13.** $687#

(1) AFTLA (2) AFTLM (3) BFTLA (4) BFTLM (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## व्यवसायिक ज्ञान

### सामान्य जानकारी / विपणन कौशल

**प्र.1.** निम्नलिखित में से कौन फिल्म लगान का दिग्दर्शक हैं ?
(1) संजय लला भंसाली (2) वसन्त गोवारीकर (3) करण जोहर
(4) बी. आर. जोपडा (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** हम अंधेरे में चीजों को क्यों नहीं देख सकते हैं ?
(1) यह चीज़ें प्रकाश का विकीर्णन करती है
(2) यह चीज़ें प्रकाश का अवशोषण करती हैं
(3) इन चीज़ों से हमारी आंखों पर कोई प्रकार नहीं पड़ता है
(4) प्रकाश अंधेरे से अवरूद्ध हो जाात है
(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** जल के निम्नलिखित में से किस नमूने को शुद्ध जल कहा जा सकता है ?
(1) जल जिसमें फिटकिरी मिलाई गई हो (2) स्वच्छ जल
(3) फिल्टर किया गया जल (4) उसमें कोई अन्य पदार्थ नहीं मिलाया जाता है
(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** निम्न में से कौन सी विपणन रणनीति ग्रामीण बाज़ारों के लिए उपुक्त नहीं है
(1) किफ़ायती कीमत निर्धारण (2) उत्कृष्ठ पैकेजिंग (3) प्रोमोशनल कीमत निर्धारण
(4) छोटी यूनिट/न्यून कीमत निर्धारण (5) वैल्यू फॉर मनी कीमत निर्धारण

**प्र.5.** व्यैक्तिक बिक्री का निम्न में से किस सिद्धांत में जोर दिया जाता है कि क्रेता की जरूरतों तथा समस्याओं पर मुख्य ध्यान होना चाहिए, तथा विक्रय प्रतिनिधि की भूमिका समाधान ढूँढने में क्रेता की मदद करना है ?
(1) बिक्री का "इंप्लस क्रय" सिद्धांत (2) बिक्री का "AIDAS" सिद्धांत
(3) बिक्री का "क्रय फार्मूला" सिद्धांत (4) बिक्री का "बिहेविरल समीकरण" सिद्धांत
(5) बिक्री का "सही परिस्थिति समूह" सिद्धांत

## ऑनलाइन परीक्षा के स्वरुप का विवरण

1. उम्मीदवार को लॉगइन स्क्रीन दिखाई पडेगी। उम्मीदवार को अपने यूजर आई डी. और पासवर्ड, जो बुलावा पत्र में दिया गया है, का प्रयोग करते हुए लॉग इन करना होगा।
2. लॉग इन करने के बाद, उम्मीदवार की प्रोफाइल (नाम, रोल न., फोटो इत्यादि) प्रदर्शित की जाएंगी और उम्मीदवार को 'I confirm' बटन पर क्लिक करके प्रोफाइल सही है की पुष्टि करनी है ।
3. तत्पश्चात् स्क्रीन पर अनुदेश दिखाई पडेंगे।
4. उम्मीदवार को अनुदेश ध्यान से पढ़ लेने चाहिए और स्क्रीन के बॉटम में दिए गए बॉक्स में 'चेकिंग' (क्लिक) करके इन्हें पढ लिया गया निर्दिष्ट कर देना चाहिए, उसके बाद 'I am ready to begin' बटन एक्टिवेट होगा।
5. 'I am ready to begin' बटन पर क्लिक करने के बाद परीक्षा का **वास्तविक समय** आरंभ होगा।
6. ऑनलाइन परीक्षा में, वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली में 200 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न के 5 विकल्प होंगे ।
7. अंग्रेजी ज्ञान की परीक्षा के प्रश्नों को छोड़कर शेष सभी प्रश्न हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध होंगे। दिए गए प्रश्न को दूसरी भाषा में देखने के लिए, उम्मीदवार 'view in' ड्रॉप डाउन बॉक्स पर क्लिक करके इच्छित भाषा चुन सकता है।
8. एक समय में केवल एक प्रश्न दिखाई पडेगा।

9. प्रश्न का उत्तर देने के लिए उम्मीदवार को उस विकल्प पर 'माउस क्लिक' करना होगा, जिसे वह उचित/सही समझता है। **जिस विकल्प को क्लिक किया जाएगा, वह हाईलाएट हो जाएगा उसे उम्मीदवार द्वारा प्रश्न का दिया गया उत्तर समझा जाएगा।**

10. एक प्रश्न का उत्तर चुन लेने के बाद उम्मीदवार को अपने उत्तर को सेव करने और अगले प्रश्न पर जाने के लिए 'SAVE & NEXT' बटन पर क्लिक करना चाहिए। **ध्यान रहे, 'Save & Next' बटन पर क्लिक किए बिना प्रश्न के लिए चुना गया उत्तर सेव नहीं किया जाएगा।**

11. यदि उम्मीदवार किसी प्रश्न को हल नहीं करना चाहता है तो उसे उस प्रश्न के किसी विकल्प पर क्लिक नहीं करना चाहिए। उम्मीदवार प्रत्येक प्रश्न के सामने दिए गए 'CLEAR RESPONSE' button पर क्लिक कर के किसी प्रश्न विशेष के अपने उत्तर को चाहे तो डिसिलेक्ट कर सकता है।

12. यदि कोई उम्मीदवार किसी प्रश्न विशेष को छोड़ना चाहता है और बाद में लेकिन अपनी परीक्षा सब्मिट करने से फिर से हल करना चाहता है या उम्मीदवार किसी प्रश्न विशेष के उत्तर पर 'क्लिक' (चयन) करता है लेकिन बाद में उसकी समीक्षा करना चाहता है, तो वह उपलब्ध कराए गए कागज पर प्रश्न संख्या नोट कर सकता है।

    ऐसी स्थिति में उम्मीदवार 'MARK FOR REVIEW & NEXT' बटन पर भी क्लिक कर सकता है। यदि किसी प्रश्न विशेष के लिए एक उत्तर चुना गया है जिसे 'MARK FOR REVIEW & NEXT' के रूप में मार्क किया गया है, तो मार्क किया गया उत्तर अंतिम मूल्यांकन में शामिल किया जाएगा।

13. हल किए गए और छोड़ दिए गए प्रश्नों की संख्याएं भी स्क्रीन की दाई ओर दिखाई जाएंगी। उम्मीदवार यदि उनमें से किसी प्रश्न को हल करना या संशोधित करना चाहे तो उस प्रश्न विशेष को देखने के लिए उस प्रश्न संख्या पर क्लिक कर सकता है।

14. स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :

 आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं ।

 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है ।

 आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं ।

 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है ।

 प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा ।

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

**15. जब तक ऑनलाइन परीक्षा का पूरा समय सम्पन्न न हो जाए, तब तक उम्मीदवार को अपने उत्तर को सबमिट करने की अनुमति नहीं होगी ।**

**16. उम्मीदवार स्क्रीन की दाईं ओर दिखाई गई प्रश्न संख्या पर क्लिक करके, प्रश्नावली के भीतर, प्रश्नों के बीच नैविगेट कर सकता है ।**

17. जब उम्मीदवार किसी प्रश्न पर क्लिक करेगा, तो उस प्रश्न को स्क्रीन पर दिखने में कुछ समय लगेगा। इस प्रक्रिया में लगने वाला समय परीक्षा के लिए दिए गए कुल समय में से काटा नहीं जाएगा।

**18. परीक्षा आरंभ होने के बाद किसी भी परीस्थिति में उम्मीदवार 'की बोर्ड की किसी भी कुंजी' पर क्लिक न करे क्योंकि इससे परीक्षा पर ताला लग जाएगा।**

## <u>उत्तर पत्र प्रस्तुत सब्मिट करने के बारे में</u>

1. उम्मीदवारों को परीक्षा का पूरा समय सम्पन्न होने से पहले अपने उत्तर प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है।
2. **उम्मीदवार अपने उत्तरों को केवल 'सब्मिट' बटन क्लिक करने से पहले ही बदल सकता है।**
3. परीक्षा अवधि समाप्त होने के बाद उम्मीदवार किसी भी प्रश्न को हल या चेक नहीं कर पाएंगे। उम्मीदवार के उत्तर कंप्यूटर सिस्टम द्वारा अपने आप सेव कर लिए जाएंगे भले ही उसने 'सब्मिट' बटन न दबाया हो।

## वर्णनात्मक प्रश्न पत्र के स्वरूप का विवरण

1. ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ परीक्षा के तत्काल बाद ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ वर्णनात्मक परीक्षा होगी ।
2. उम्मीद्वारों को वर्णनात्मक परीक्षा के जवाब कम्पयूटर पर टाइप करने होंगे ।
3. उम्मीद्वारों को की–बोर्ड के उपयोग की अनुमति होगी ।
4. उम्मीद्वारों के लिए Spellcheck की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी ।
5. उम्मीद्वार परीक्षा का पूरा समय जो कि 30 मिनट है, सम्पन्न होने पर ही अपना उत्तर पत्र submit कर सकते है ।

## <u>सामाजिक दूरी पद्धति से परीक्षा संचालन संबंधी अनुदेश</u>

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश पत्र में उल्लिखित **और / या** परीक्षा तिथि से पूर्व उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर/मेल पर SMS/मेल के जरिए सूचित समयावधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है । अभ्यर्थियों से इस समयावधि का सख्ती से पालन अपेक्षित है – क्योंकि परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति संबंधित अभ्यर्थी को **केवल** उसे आबंटित समयावधि में ही मिलेगी । अभ्यर्थी को रिपोर्टिंग समय से न्यूनतम 15 मिनट पहले रिपोर्ट करना चाहिए ।
2. अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा ।
3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री
   अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी
   a. मास्क **(मास्क पहनना अनिवार्य है)**
   b. दस्ताने
   c. पानी की अपनी पारदर्शी बोतल (अभ्यर्थी अपने पानी की बोतल लेकर आएँ)
   d. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)
   e. एक सामान्य पेन, पेन्सिल, रबड और इंक स्टाम्प पैड
   f. परीक्षा संबंधी कागजात (बुलावा पत्र जिसके साथ फोटो ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल वही ID कार्ड) मूल ID (फोटोप्रति वाली) भी सत्यापन हेतु साथ लेकर आएँ । ID तथा बुलावा पत्र पर नाम बिलकुल एक जैसा होना चाहिए ।
   g. स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में – विधिवत भरा व फोटोग्राफ लगा कर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म
   परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है ।

4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामान/को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए ।

5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए ।

6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए ।

7. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपने दस्ताने, N95 मास्क, सैनिटाइज़र (50 मिली) और पानी की पारदर्शी बोतल लानी चाहिए । अभ्यर्थी और स्क्राइब दोनों को N95 मास्क पहनकर रखना होगा ।

8. अभ्यर्थी द्वारा अपने/अपनी मोबाइल फोन में आरोग्य सेतु एप्प जरूर इन्सटाल किया हुआ होना चाहिए । आरोग्यसेतु स्टेटस में अभ्यर्थी का जोखिम स्तर जरूर दर्शाया हुआ होना चाहिए । अभ्यर्थी को यह स्टेटस परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा । यदि अभ्यर्थी के पास स्मार्ट फोन नहीं है तो उसे इस आशय की हस्ताक्षरित घोषणा (घोषणा इस बुलावा पत्र के साथ उपलब्ध करायी गई है) लानी होगी और इसे परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। उन अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी जिनका आरोग्यसेतु एप्प स्टेटस माडरेट अथवा अधिक जोखिम वाला है । यदि घोषणा में की गई किसी भी रेस्पांस से कोविड–19 संक्रमण/लक्षण के बारे में पता चलता है तो अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। (यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी इन्हीं निर्देशों का पालन करना होगा)

9. प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा ।

10. प्रवेश द्वार पर सभी अभ्यर्थियों (और स्क्राइब, यदि लागू है) के तापमान की जांच थर्मामीटर गन से की जाएगी । यदि किसी व्यक्ति का तापमान सामान्य से अधिक (>$99.14^{0}$ F) होता है या वायरस का कोई लक्षण दिखाई देता है तो उसे स्थल में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी ।

11. अभ्यर्थी पंजीकरण में :

   a. **अभ्यर्थी का पंजीकरण फोटो लेकर किया जाएगा । ली गई फोटो आवेदन (बुलावा पत्र में यथा मुद्रित) में आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से मिलायी जाएगी। आपकी शक्ल/रूप-रंग आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से अलग नहीं होनी/होना चाहिए।**

   b. **फोटोग्राफ अभ्यर्थी के खड़े होने की मुद्रा में लिया जाएगा ।**

   c. **अभ्यर्थी को सीट क्रमांक दिया जाएगा ।**

12. रफ शीट, बुलावा पत्र और ID प्रमाण प्रबंधन

   - अभ्यर्थी, प्रत्येक अभ्यर्थी डेस्क पर रखी रफ शीट का इस्तेमाल करेंगे ।
   - अभ्यर्थी को लैब/स्थल को छोड़ते समय उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या किसी तय स्थान पर ID प्रमाण प्रति सहित बुलावा पत्र डालने के संबंध में निर्देशों का पालन अवश्य करना चाहिए । स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठाने वाले अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र और ID प्रमाण की प्रति सहित स्क्राइब फॉर्म जमा करना चाहिए ।
   - अभ्यर्थी को लैब/स्थल से बाहर निकलते समय, वहाँ उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या परीक्षा पदाधिकारियों द्वारा निर्देशित तय स्थान पर रफ शीट, बुलावा पत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः डालनी चाहिए ।

13. परीक्षा आयोजित होने के बाद नियंत्रण :

   - परीक्षा समाप्त होने पर, परीक्षार्थियों को व्यवस्थित ढंग से अर्थात एक बार में एक परीक्षार्थी को, बाहर निकलने की अनुमति दी जाएगी। कृपया परीक्षा निरीक्षक से अनुदेश की प्रतीक्षा करें और जब तक सूचित न किया जाए, अपनी सीट से न उठें ।

**आपको शुभकामनाएं**